**डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रभारी, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, का दिनांक 16 दिसम्बर 2020 को महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र की समीक्षा बैठक कार्यक्रम की कार्यवाही**

आज दिनांक 16 दिसम्बर 2020 को कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक में डॉ विवेक प्रताप सिंह विशेषज्ञ पशुपालन एवं इंचार्ज वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव विशेषज्ञ उद्यान, डॉ. राहुल कुमार सिंह विशेषज्ञ कृषि प्रसार, डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय विशेषज्ञ मृदा विज्ञान, श्री अवनीश कुमार सिंह विशेषज्ञ सस्य विज्ञान एवं डॉ. संदीप कुमार सिंह सम्मिलित हुए। समीक्षोपरांत, निष्कर्ष एवं निर्णय निम्नवत हैं –

10 – 12 सितम्बर 2020 के त्रिदिवसीय, महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र की योजना एवं समीक्षा बैठक माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी. राजू के निर्देशन में एवं प्रो. राजेश कुमार सिंह, कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर की अध्यक्षता में एवं डॉ. प्रदीप कुमार राव जी के सानिध्य में सम्पन्न हुईं। अबतक निम्न बैठके सम्पन्न हो चुकी हैं –

**तालिका :** पूर्व में सम्पन्न बैठकों का तिथिवार विवरण

| क्रम संख्या | तिथि | स्थान | बैठक के सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1. | 05 अक्टूबर 2020 | महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र | डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. संदीप कुमार सिंह एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ |
| 2. | 29 – 30 अक्टूबर 2020 | महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र | डॉ. के. वी. राजू, कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर, डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. संदीप कुमार सिंह एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ |
| 3. | 16 नवम्बर 2020 | दी.द.उ.गो.वि.वि. कुलपति आवास गोरखपुर | कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर, डॉ. संदीप कुमार सिंह एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ |
| 4. | 17 नवम्बर 2020 | महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र | डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. संदीप कुमार सिंह एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ |
| 5. | 29 नवम्बर 2020 | महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र | डॉ. के. वी. राजू, कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर, डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. संदीप कुमार सिंह एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ |
| 6. | 13 दिसम्बर 2020 | दी.द.उ.गो.वि.वि. कुलपति कार्यालय गोरखपुर | डॉ. के. वी. राजू, कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर, डॉ. प्रदीप कुमार राव , डॉ. संदीप कुमार सिंह एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ |

उपर्युक्त सभी बैठकों में निम्न के सन्दर्भ में निम्न निर्णय लिये जा चुके है।

1. FPO निर्माण के सम्बन्ध में।
2. किसान चिन्हित करना एवं सूची तैयार करना।
3. लाभान्वित किसानों की सूची तैयार करना।
4. प्रत्येक फसल सीजन पर केस स्टडी।
5. प्रत्येक विशेषज्ञ द्वारा दो परियोजना बना कर कार्य करना।
6. प्रत्येक फसली सीजन में एक रिसर्च पेपर / लेख।
7. कृषि फार्म की कृषि आय व्यय एवं निर्माण।
8. के.वी.के. AT A Glance तैयार करना।

9. वेबसाइट एवं ई – पब्लिकेशन।

10. अगरबत्ती निर्माण योजना का क्रियान्वन करना।

11. चौक फार्म, महराजगंज की योजना तैयार करना एवं क्रियान्वन।

अब तक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा की गयी प्रगति निम्नवत है।

1. **FPO निर्माण के सम्बन्ध में –:** 06 वैज्ञानिकों द्वारा 06 FPO बनाने का निर्णय लिया गया था। FPO निर्माण से सम्बन्धित समस्त कागजात CA को उपलब्ध करा दिये गये हैं। डॉ. राहुल कुमार सिंह विशेषज्ञ कृषि प्रसार एवं डॉ. वी.पी. सिंह विशेषज्ञ पशुपालन के द्वारा नामित एक–एक FPO पंजीकृत हो चुका है। 04 FPO CA द्वारा पंजीकृत कराना शेष है। भविष्य में FPO सम्बन्धित समस्त कार्य की जिम्मेदारियों का निर्वहन डॉ. राहुल कुमार सिंह विशेषज्ञ कृषि प्रसार करेंगे तथा दोनो FPO के संचालन की पूरी प्रक्रिया 21 दिसम्बर 2020 तक डॉ. राहुल कुमार सिंह, कृषि प्रसार विशेषज्ञ द्वारा जारी कर दी जाएगी।

**2 & 3. किसान चिन्हित करना एवं सूची तैयार करना एवं लाभान्वित किसानों की सूची तैयार करना** – :

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण, प्रदर्शनों से लाभान्वित कृषकों की सूची निम्न प्रारुप में तैयार किया जायेगा।

| क्रम सं. | किसान का नाम | मोबाइल / वाट्सएप नं | ई-मेल (यदि है) | पूरा पता | परिवार में सदस्यों की संख्या | | | कृषि योग्य भूमि क्षेत्रफल | | पशुओं की संख्या | कृषि वार्षिक आय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पुरुष | महिला | बच्चे | फसल | सब्जी | | |

उपरोक्त कार्य डॉ. विवेक प्रताप सिंह विशेषज्ञ पशुपालन द्वारा अद्यतन किया जाएगा। यह सूची प्रत्येक 15 दिनों पर जारी होती रहेगी।

4 & 5. **Case study and Project** –: पूर्व निर्णय के आधार पर केस स्टडी, 26 दिसम्बर 2020 तक तैयार किया जायेगा। 20 दिसम्बर 2020 तक सभी प्रोजेक्ट कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. को भेज दिया जायेगा तथा कुलपति दी.द.उ.गो.वि.वि. से प्राप्त परियोजना दस्तावेज संबंधित संस्था को एक सप्ताह में भेज दिया जायेगा।

6. **Research Paper & Article** –: महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रकाशित शोध पत्र एवं लेख श्री गौरव कुमार सिंह द्वारा केन्द्र की वेबसाइट पर publication कालम में अपलोड किया जाएगा।

7. **कृषि फार्म की कृषि आय व्यय एवं निर्माण** –: कृषि विज्ञान केन्द्र , फार्म की बनायी गयी योजना एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय। अनुमानित लागत एवं आय का विवरण डॉ. अवनीश कुमार सिंह, विशेषज्ञ सस्य विज्ञान द्वारा तैयार किया जायेगा।

8. **KVK at A Glance –**: इस कार्य को डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, विशेषज्ञ मृदा विज्ञान द्वारा अद्यतन किसानों की आय बढ़ाने सम्बन्धित समस्त तकनीकी जानकारी छाया चित्र सहित एकत्र किया जायेगा। दिनांक 20 दिसम्बर 2020 तक प्रोजेक्ट बनाने हेतु आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना होगा तथा इसके पश्चात उच्चीकृत करके इसकी 1000/- प्रति 30 दिसम्बर 2020 तक मुद्रित कराना होगा है।

9. **वेबसाइट एवं ई – पब्लिकेशन –**: श्री गौरव कुमार सिंह द्वारा केन्द्र की वेबसाइट पर **ई – पब्लिकेशन को** publication कालम में समय – समय पर अपलोड किया जाएगा।

10. **अगरबत्ती निर्माण योजना का क्रियान्वन – :** श्री गोरखनाथ आशीर्वाद अगरबत्ती का व्यवस्थित निर्माण जनवरी 2021 से शुरु किया जाएगा। प्रति सप्ताह लगभग 100 पैकेट अगरबत्ती बिक्री हेतु उपलब्ध कराने हेतु निर्णय लिया गया। जनवरी माह के अन्त में समीक्षोपरान्त आगे के उत्पादन एवं बिक्री के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाएगा। निर्माण हेतु आवश्यक धनराशी डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव को सशर्त कृषि विज्ञान केन्द्र से उपलब्ध करायी जायेगी।
11. **चौक फार्म महराजगंज की योजना तैयार करना एवं क्रियान्वन –:** प्रति वर्ष प्रति एकड़ आय का विवरण उपलब्ध नहीं है। चौक बाजार महराजगंज पूरे फार्म की कृषि योजना कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा बनायी गयी है। उस आधार पर सम्बन्धित योजना में प्रति वर्ष प्रति एकड़ शुद्ध लाभ तीन वर्षों के लिए उपलब्ध करायी जाए। उपरोक्त कार्य डॉ. संदीप कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा।

उपरोक्त बिन्दुओं की समीक्षा 29 दिसम्बर 2020 की बैठक में की जायेगी।